
## खबर संक्षेप

### आज मनाया जायेगा हनुमत जन्मोत्सव



**मण्डला।** जिला पंचायत के सामने स्थित हनुमान शेषनाग राम दरबार मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान प्रकट उत्सव पर अमृत बेला सुबह 5:00 बजे बजरंग सरकार का चोला चलाया जाएगा, राम स्तुति हनुमान चालीसा बजरंग बाण , आरती हवन पूजन भक्तों के उपस्थिति में किया जावेगा, भक्तों की सामूहिक पूजा 9:00 बजे प्रारंभ होगी इसमें सुंदरकांड हनुमान चालीसा बजरंग बाण आरती की जावेगी, हवन पूजन आरती के बाद में समस्त भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जाएगा और यह प्रसाद का वितरण बजरंग सरकार की विभिन्न विभिन्न जगह से आने वाली चल यात्रा शोभायात्रा में पधारे भक्तों को भी प्रसाद का वितरण कराया जाएगा, इसकी भी व्यवस्था की जा रही है, महिला मंडल के द्वारा सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन दोपहर में किया जावेगा, संध्या काल में बजरंग सरकार की आरती एवं महाद्वीप दान किया जाएगा।

### हिंदी शिक्षक रवि नेवले हुए सेवा निवृत



**भुआबिछिया।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में पदस्थ शिक्षक रवि प्रसाद नेवले का सेवा निवृत्ति कार्यक्रम शाला के समस्त स्टाफ एवं शुभ चिंतकों के साथ सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ, बताया गया कि रवि नेवले 39 वर्ष 4 माह की सेवा अवधि पूर्णकर सेवानिवृत हुए आप हिंदी विषय के योग्य शिक्षक थे। उद्बोधन की श्रृंखला में शिक्षकों ने श्री नेवले के साथ बिताए गए पलों को साझा किया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय स्टाफ,परिजन उपस्थित थे। इस अवसर पर समस्त स्टाफ के द्वारा श्री नेवले को साल श्री फल से सम्मानित किया व उपहार भेंट किया गया, कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आरती मोदी ने किया इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अरुणा दिक्षित एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे आभार प्रदर्शन मुकेश साहू ने किया।

### स्वास्थ्य और पशुपालन योजनाओं को मिली नई दिशा

# जनजातीय कल्याण का स्वर्णिम अध्याय-राज्यपाल

*** मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। सरकार की प्राथमिकता जनजातीय वर्ग का समग्र विकास, स्वास्थ्य सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में चल रही स्वास्थ्य एवं विकास योजनाएं इसी का उदाहरण है। वर्तमान समय



जनजातीय समाज के विकास का स्वर्णिम काल है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना जनजातीय समाज के समग्र विकास और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह बात राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल ने बिछिया विकासखंड के कन्हारीकला में आयोजित




मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना एवं स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुए कही। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का भी सामूहिक गायन किया गया।

कार्यक्रम में मंडला जिले के 50, डिंडौरी जिले के 24 एवं बालाघाट जिले के 20 बैगा जनजाति के कुल 94 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत पशु प्रदान किए। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

#### पशुपालन से आय बढ़ाने का संदेश

राज्यपाल श्री पटेल ने पशुपालकों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्नत नस्ल के पशुओं से प्रतिदिन लगभग 9 लीटर तक दूध उत्पादन संभव है, जिससे करीब 500 रुपये प्रतिदिन की आय अर्जित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पशुओं की देखभाल बच्चों की तरह ही करनी चाहिए। समय पर चारा, पानी और बीमारी होने पर दवाइयों का ध्यान रखना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले बच्चों के पोषण के लिए दूध का उपयोग करें, जिससे कुपोषण दूर होगा, और उसके बाद अतिरिक्त दूध बेचकर आय बढ़ाएं।

#### सिकल सेल उन्मूलन पर जोर

राज्यपाल श्री पटेल ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक आनुवंशिक बीमारी है, जिसकी समय पर जांच और नियमित दवाई से नियंत्रण संभव है। प्रदेश में बड़े स्तर पर जांच अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में अब तक एक करोड़ 28 लाख लोगों की जांच की जा चुकी है। मंडला में 28 हजार से अधिक वाहक हैं, जबकि लगभग 3 हजार सिकल सेल एनीमिया की बीमारी से पीड़ित हैं।

## द्वितीय वार्षिक श्याम कीर्तन से भक्तिमय हुआ वातावरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

विगत दिनों नगर में श्याम प्रेमी मित्र मंडल, बिछिया एवं समस्त श्याम प्रेमियों द्वारा विगत रात्रि 8 बजे जनपद शॉपिंग कॉम्प्लेक्स वेयरहाउस, बिछिया में द्वितीय वार्षिक श्याम कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कीर्तन के दौरान भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। कीर्तन में भजन गायकों रूपाली जांघेल, शेफाली शाह, सुनील सत्यार्थी एवं आकाश नागवंशी द्वारा "जगन्नाथ चका नैन", "करके इशारों बुलाए गए रे", "खाटू बुलाता रहे", "वीर हनुमाना अति बलवाना", "इतिहास बना दूंगा", "हाथों में निशान लेकर चला रे" आदि सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं, जिन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम के दौरान इत्र वर्षा एवं पुष्प वर्षा कर भक्तिमय वातावरण को और भी दिव्य बनाया गया। साथ ही 56 भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। वहीं दरबार सेवा मुरली अग्रवाल (जबलपुर) द्वारा अद्भुत एवं आकर्षक श्याम दरबार सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में मंडल के सभी सदस्यों एवं सहयोग कर्ताओं का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



## राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल ने कन्हारीकला में 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत प्रवेशोत्सव का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल ने बुधवार को मंडला जिले के प्रवास के दौरान बिछिया विकासखंड के ग्राम कन्हारी कला में 'स्कूल चलें हम' अभियान के अंतर्गत एकीकृत माध्यमिक शाला कन्हारीकला में प्रवेशोत्सव 2026 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय की घंटी बजाकर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बन गया। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल की भी विशेष मौजूदगी रही।



कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल श्री पटेल ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया तथा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें भी प्रदान कीं। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और 'स्कूल चलें हम' अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। बच्चों को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को विद्यालय भेजें और उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग करें। बच्चों से संवाद के दौरान राज्यपाल ने स्नेहपूर्वक कहा कि वे समय-समय पर उनसे दूरभाष पर भी बात करेंगे और उनकी पढ़ाई-लिखाई की जानकारी लेते रहेंगे। यह सुनकर बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास और बढ़ गया। कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति जागरूकता, बच्चों का उत्साह और शासन की प्रतिबद्धता का सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, विधायक बिछिया नारायण सिंह पट्टा, नगरपालिका अध्यक्ष मंडला विनोद कछवाहा, नगर परिषद अध्यक्ष बिछिया श्रीमती रजनी मरावी, प्रफुल्ल मिश्रा, प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव, डायरेक्टर एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना, कमिश्नर जबलपुर संभाग धनंजय सिंह, आईजी ललित साक्यवार, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य श्रीमती वंदना गुप्ता, डीपीसी कुलदीप कठल, एपीसी मुकेश पांडे, बीआरसी मंडला अनादि वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, मौजूद थे।

## नगर परिषद बिछिया में कर्मचारियों के हित में ढाईसाल से लंबित ई.पी.एफ. राशि की गई जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर परिषद भुआबिछिया में 52 कार्यरत दैनिक वेतन कर्मचारियों के विगत कई वर्षो से EPF का राशि का अंतरण उनके संबंधित यूएएन खाते में जमा नहीं किया जा रहा हैं कर्मचारियों के द्वारा निरंतर मांग विगत वर्षो से की जाती रही हैं इसके संबंध में पूर्व में भी निकाय में कर्मचारी संघ के द्वारा आवेदन एवं जनसुनवाई में कर्मचारियों के द्वारा व्यक्तिगत अपनी मांग रखी थी जिसके तहत कलेक्टर मंडला एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया के निर्देशन में कर्मचारियों के हित में EPF राशि जमा करने के निर्देश प्राप्त हुये जिसके तहत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के नियमों के अनुसार, कर्मचारियों के मूल वेतन (Basic Salary) + महंगाई भत्ते (DA) का12% हिस्सा ईपीएफ में जमा होता है। नियोक्ता (Employer) भी 12% योगदान देता है, जिसमें से 3.67% EPF में और 8.33% EPS-95 पेंशन योजना में जाता है। यह 24% (कुल) जमा होकर रिटायरमेंट की गारंटी देता है एवं समय समय में शासन के द्वारा श्रम नियमानुसार लाभांवित किया जाता जिसके लाभ से कर्मचारी वंचित रहते उक्त समस्या को देखते हुये समस्त कर्मचारियों के अपनी मांग वर्तमान में पदस्थ संस्कार बावरिया डिप्टी कलेक्टर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद भुआबिछिया का कार्यभार ग्रहण करते हुये सर्व प्राथमिकता के साथ कर्मचारी के हित में निर्णय लेते हुये कार्य करना प्रारंभ किया जिसके परिणामस्वरूप इतनी कम अवधि में मात्र 20 दिवस में तंगी से जुझ रही निकाय को वसूली अभियान चलाकर आय में वृद्धी करते हुये विगत 28 माह से लंबित लगभग 65 लाख रूपये का कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के नियमों के अनुरूप चलान की कार्यवाही करते हुये भुगतान की कार्यवाही की गई जिससे समस्त कर्मचारी के लंबित भुगतान होने से संबंधित कर्मचारियों के ईपीएफ खाते में राशि अंतरित होगी जिससे निकाय के समस्त कर्मचारियों में आज का दिन हर्षपूर्ण त्यौहार में दिये गये बोनस की तरह रहा।

## स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर अनुष्का पटेल ने बढ़ाया मान

**मण्डला।** ब्रेन चाइल्ड एकेडमी स्कूल, सेमरखापा टिकरिया की छात्रा कुमारी अनुष्का पटेल ने तृतीय कक्षा (वर्ग 'ए') में अध्ययनरत रहते हुए स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। अनुष्का पटेल अधिवक्ता अजीत पटेल एवं श्रीमती अलका पटेल की सुपुत्री हैं। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों ने अनुष्का की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया है। छात्रा की इस सफलता पर परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



**भ्रष्टाचार** | **3 वर्ष से अधूरा पड़ा है टंकी का निर्माण कार्य**

# भ्रष्टाचार और राजनीति का शिकार हुआ जल जीवन मिशन


*** सोलर लाईट भुगतान में भी हुआ भ्रष्टाचार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

प्रदेश सहित मंडला जिले में वर्ष 2019 से केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है जिसका उद्देश्य गावों, स्कूलों, छात्रावासों, अस्पताल, आंगनवाड़ी आदि में शुद्ध पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, लेकिन बीते छह वर्षों में यह योजना कहीं भ्रष्टाचार तो कहीं राजनीति का शिकार होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में हांफती नजर आ रही है।

मंडला सांसद के निवास ग्राम से महज कुछ किलोमीटर की दूरी की पंचायत डालाखापा में तीन वर्ष से जल जीवन मिशन द्वारा ओवर हेड पानी की टंकी का निर्माण चल रहा है, उक्त निर्माण में पंचायत सरपंच राकेश सिंह धुर्वे ने ठेकेदार से लाखों की घूस की राशि व निर्माण कार्य की सामग्री आपूर्ति





करने की मांग रखी जिसे पूरी करने में ठेकेदार ने असमर्थता जाहिर की जिसके कारण वर्षों कार्य अधूरा पड़ा रहा पुनः ग्रामीणों द्वारा शासन प्रशासन से मिन्नत करने पर टंकी कार्य पूर्ण हुआ लेकिन अभी भी पाइप लाइन पूर्ण रूप से नहीं डाली गई जिससे योजना का लाभ ग्रामवासियों को नहीं मिल रहा।

उक्त पंचायत के सरपंच द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के अनेकों मामलों की शिकायत अधिकारियों से की जाकर सम्बन्धित खबरें पूर्व में प्रकाशित की जा चुकी हैं पर लगता है कि जिम्मेदार राजनीतिक दबाव में उचित कार्यवाही करने से बच रहे हैं, जिससे उक्त प्रतिनिधि के हौसलें बुलंद हैं और ग्राम की जनता परेशान है। यही कारण है की यह सरपंच पंचायती राज व्यवस्था व अधिनियम के विरुद्ध जाकर स्वयं की भूमि पर रंगमंच का निर्माण तक कर चुका है, जिसमें इसको न उपयंत्री की आवश्यकता पड़ी और न ही इसने पंचायत के बाकी सदस्यों से राय मशविरा लेना उचित समझा।

#### सोलर लाइटों के दाम के तिगुने राशि का आहरण

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत में स्थापित किए गए सोलर रूफ पैनल और सोलर लाइटों के खरीदी मामले में सरपंच द्वारा बड़ा वित्तीय घोटाला किया गया है। ज्ञात हो कि पंचायत सरपंच जो खुद को सरकार के मंत्री से कम नहीं समझता है, (जैसा की वायरल ऑडियो में सुना जा सकता है) उक्त सरपंच ने 15 वें वित्त आयोग की राशि से कराये गये विकास कार्यो सम्बन्धित खरीदी में बाजार दाम से तिगुना राशि के बिल लगाकर शासकीय राशि का दुरूपयोग किया है। उक्त कथित राजनीतिक संरक्षण प्राप्त सरपंच पंचायत के अन्य कार्यों में घटिया और अमानक स्तर के निर्माण में सरकारी धन राशि की जमकर होली खेली गई है। पूर्व में ग्राम के लोगों की शिकायतों के बाद जनपद प्रशासन ने पंचायत वार जांच के आदेश जारी किए थे लेकिन यह कार्यवाही भी अब तक अंतिम मूर्तरूप नहीं लेकिन सकी। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने दस्तावेजों के आधार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसमें बाजार में जिस लाइट की कीमत 8 से 10 हजार रुपये है, उसके बिल 20 से 25 हजार रुपये तक लगाए गये हैं। इसके साथ ही आरोप है कि आपूर्तिकर्ता चयन, दर स्वीकृति और निविदा प्रक्रिया को पूरी तरह गुप्त रखा गया, जिससे भ्रष्टाचार की संभावना और ज्यादा प्रबल हो गई कि जो गंभीर जाँच का विषय है।

#### कुछ ही महीनों में खराब हुए उपकरण

पंचायत के लोगों ने बताया है कि पंचायतों में लगाए गए सोलर पैनल और लाइटें कुछ ही महीनों में बंद होकर शोपीस बनकर रह गए हैं। तकनीकी मापदंडों की अनदेखी और सरपंच की मनमानी के कारण कई स्थानों पर सिस्टम ठप पड़ा है, जिससे शासकीय धन की बर्बादी साफ नजर आ रही है।

## 30 फिट नीचे गिरा रेत से भरा हाइवा

*** अधिक चक्कर मारने पर मिलता है ईनाम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

मण्डला-जबलपुर नेशनल हाईवे-30 पर टिकरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सहजनी के पास बुधवार सुबह सड़क हादसा हो गया। मण्डला से जबलपुर की ओर जा रहा एक हाईवा अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 20 से 30 फीट नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में वाहन चालक और हेल्पर घायल हो गए, जिन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया।

हादसे के बाद हेल्पर वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गया था। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और टिकरिया पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। केबिन में फंसे हेल्पर को सुरक्षित बाहर निकाला।



पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे हेल्पर को सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, वाहन में चालक रंजीत यादव (25) निवासी जबलपुर और हेल्पर अंकित यादव (22) निवासी वल्देबाग, जबलपुर सवार थे। चालक किसी तरह वाहन से बाहर निकलने में सफल रहा था। दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

रेस्क्यू के बाद दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों की हालत खतरे से बाहर है। हेल्पर अंकित यादव के हाथ और कलाई में चोट आई है, जिसका उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय शिक्षक को दी जाने से मारने की धमकी

गाडरवारा। डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार वही के निवासी माध्यमिक स्कूल के सहायक शिक्षक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस वह स्कूल बंद होने के बाद अपने घर एनटीपीसी गेट नं. 01 की ओर मोटर साइकिल से जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में गांव का कल्लू कौरव मिला और पुरानी बुराई को लेकर शिक्षक को गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### जमीन के नाप की बात पर की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम प्रेमपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके व भाईसाहब कौरव के बीच खेत का सीमाकांन कराया गया है। बीते हुये दिवस जब प्रार्थी अपने खेत में था। उसी समय भाईसाहब कौरव द्वारा सीमाकंन में खेत निकल जाने की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट की गई। इस दौरान आरोपी भाई साहब का बेटा शिवाल कौरव भी आ गया उसके द्वारा भी कुल्हाडी की मूठ से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई।

### मकान की बात को लेकर भाई ने भाई से की मारपीट

गाडरवारा। जमीन संपत्ति इस तरह से होती है कि वह भाई को भाई का दुश्मन बनाने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम घूरपुर में देखने मिली जहां पर प्रैत्रिक मकान की बात को लेकर एक भाई ने दूसरे भाई के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि हमारा प्रैत्रिक मकान है जिसे मेरे पिताजी ने बनवाया था। एक मकान में मेरे दो भाई रहते है तथा दूसरे में तीन भाई रहते है चौथा नंबर का भाई लेखराम मुझे उस मकान से बाहर जाने की कह रहा था जिस बात पर से विवाद हुआ था। मामूली कही सूनी होने के बाद प्रार्थी अपनी पत्नि एवं बच्चो के साथ खेत चला गया था जहाँ पर लेखराम भी पहुंच गया और गंदी गंदी गालिया देने जगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लोहे की राड से मारपीट की गई। वही प्रार्थी का लडका बीच बचाव करने के लिये पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पिता पुत्र के बीच लड़ाई में बोलने पर महिला से मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बादरबरू निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा घर एवं मेरे ससुर और देवर का घर आमने सामने है बीते हुये दिवस की बात है जब प्रार्थीया अपने घर जा रही थी उसी दौरान उसका देवर और ससुर आपस में घर के सामने वाद विवाद कर रहे थे। इस दौरान प्रार्थिया द्वारा उनसे कहा कि तुम लोग क्यों लड़ रहे हो। इसी बात को लेकर दोनो कहने लगे कि तू हम लोगो के बीच में बोलने वाली होती कौन है। वही प्रार्थिया के देवर द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

### मुर्गा नहीं खरीदे जाने पर की मारपीट

गाडरवारा। डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस चीचली निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि में विनोद कहार के साथ छीदखेड़ा मुर्गा खरीदने गये थें। वहाँ पर खला का रामजी ओझा मिला जिससे मैने मुर्गा खरीदवाने के लिए कहा तो रामजी ओझा हमारे साथ मे मुर्गा देखने के लिए बस्ती मे गया। जहाँ हमारा सौदा न जमने से हमने मुर्गा नही खरीदा। इसी बात को लेकर रामजी ओझा कहने लगा कि जब मुर्गा नही खरीदना था तो फिर मुझे लेकर क्यो आये और गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई।

---

#### नगर में युवादल द्वारा निकाली जावेगी भव्य रैली

# आज हनुमान जी के जन्मोत्सव के मौके पर राम भक्त मारूती के मंदिरों में होंगे पूजन सहित अनेक कार्यक्रम



**नगर को सजाते हुये दिख गया मनमोहक स्वरूप, पवन पुत्र से सुख समृद्वि के लिये मांगा जावेगा आशीर्वाद....**





हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। भगवान श्रीराम के समर्पित भक्त, ज्ञान, गुणो के सागर, भक्तों को बल, बुद्धि, अष्टसिद्ध प्रदान करने वाले पवन सुत हनुमान जी का प्राकटोत्सव चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज गुरूवार को लोगों द्वारा बडे ही हर्ष व उल्लास के बीच मनाया जावेगा। ज्ञात हो कि इस वर्ष गुरूवार के दिन हनुमान जयंती पड़ना निश्चित तौर से शुभ संकेत देने से नही चूक रहा है। क्योंकि बीते हुये साल जहां हनुमान जी को प्राकटोत्सव दिवस शनिवार के दिन पड़ा था जो इस साल गुरूवार के दिन होना निश्चित ही शुभ संकेतों की ओर इसारा करते हुये जान पड़ रहा है..।

इसी के चलते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जोर शोर के साथ तैयारियाँ चल रही है। हनुमानजी के जन्मोत्सव को लेकर नगर के हर मंदिर में बीते हुये कई दिनों से तैयारिया चलते हुये देखी गई है। वही दूसरी ओर भक्तों द्वारा नगर को भगवा रंग की झंडियों से सजाते हुये पूर्णरूप से भगवामय बना डाला है। इस तरह इस तहर विशेष सिद्धि योग और राजयोग में हनुमान जी का जन्मोत्सव पड़नें से हनुमान जी के आराधकों को भगवान हनुमान जी की पूजा, उपासना, वंदना करने से सुख, शंति, वैभव की प्राप्ति होने के साथ उनकी मनोकामनाएँ पूर्ण होगी। वही युवादल द्वारा अंजनी पुत्र का जन्मोत्सव मनाने के लिये की गई तैयारियों के चलते जहां नगर में आज शाम 4 बजे शहर के प्राचीन हनुमान खप्पर वाले मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकली जावेगी जिसमें अनेक संत महात्मा शामिल होकर सनातन धर्म की रक्षा के लिये संदेश देगे। वही दूसरी ओर इस शोभायात्रा में आये हुये प्रसिद्व अखांडे भी शामिल होकर अनेक प्रकार का प्रदर्शन करेगे। वही सुबह के समय युवा दल द्वारा शहर में एक वाहन भगवा रैली का आयोजन किये जाने की भी पूरी तैयारिया सुनी जा रही है..? नगर की बजरंग बाटिका हनुमान मंदिर पर विशेष झांकी की तैयार की गई जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगी। वही बजरंग बाटिका समिति ने हनुमान जन्मोत्सव की बडे जोर शोर से तैयारिया की गई है। इस प्रकार से नगर में जहां संकट मोचक हनुमान जी का जन्मोत्सव पूर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी है तो कुछ इसी प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने मिल रहा है। इसी के चलते समीपस्थ ग्राम महगंवा चिर्रिया







स्थित सिद्व सरोबर धाम में स्थित भगवान हनुमान मंदिर में भी प्रतिवर्ष हनुमान जयंती के मौके पर विशेष पूज व प्रसादी वितरण का आयोजन चलता था जहां पर हजारों भक्त पहुंचकर भगवान की प्रसादी ग्रहण करते थें। ज्ञात हो कि यहां पर स्थित सिद्व सरोबर स्थल एक ओर जहां हनुमान जी की मनोरम प्रतिमा स्थापित है। वही दूसरी ओर चमत्कारिक सिद्व सरोबर कुंड स्थित है जिसमें 12 माह निर्मल नीर भरा रहने के कारण आकर्षण का केन्द्र बना रहता है। इस कुंड को लेकर हनुमान भक्त ग्राम महगंवा चिर्रिया निवासी गजेन्द्र पटैल द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि जब माँ नर्मदा का जल स्तर बढ़ता है तो इस कुंड का भी बढ़ जाता है और बारिश के मौसम में नर्मदा का जल जब अपना स्वरूप बदता है तो इस कुंड का जल भी उसी स्वरूप में हो जाने के कारण कई वर्षो से इस प्रकार की प्रक्रिया होने के कारण यह बात साबित होती है कि इस कुंड का संपर्क सीधा माँ नर्मदा जी से होने के कारण लोगों का श्रद्वा जुडी हुई है और पूर्णिमा तथा अमावस्या के आलवा प्रति रविवार को यहां पर भक्तों की भीड़ लगती है। इतना ही नही लोग यदि इस कुंड़ में स्नान करते हुए जो अपनी मनोकामना लेकर आते है वह भी पूरी होती है अनेक बीमार लोगों द्वारा इस कुंड में स्नान करने के उपरांत उन्हें हनुमान जी के आर्शीवाद के चलते बीमारियों से भी निजात मिली है। इसी के चलते यह सिद्व सरोबर रूपी कुंड से लोगों की धार्मिक आस्था में बढ़ोत्तरी होने के कारण यहां पर हर वर्ष हनुमान जयंती के पावन अवसर पर मेले जैसा महौल देखने मिलने लगा है। यदि यहां की सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्रीय जनों द्वारा इस सिद्व सरोबर कुंड पर बीते हुए कुछ वर्षो से हनुमान जयंती के मौके पर जिस तरह भक्तों की भीड़ उमड़ने का सिलसिला शुरू हुआ था वह हर वर्ष बढ़ोत्तरी के रूप में देखने मिल रहा था और मेले के रूप में परिवर्तित हो चुका था। जिसके चलते यह सिद्व स्थल लगातार भक्तों का सिर्फ आकर्षण का केन्द्र ही नही बल्कि लोगों की आस्था केन्द्र बन चुका है। वही दूसरी ओर आज हनुमान जयंती के मौके पर शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अनेक धार्मिक आयोजन मात्र सांकेतिक रूप में आयोजित करते हुये पवन पुत्र हनुमान की जयंती भक्तों द्वारा अपने घरों के अंदर रहते हुये श्रद्वा के साथ मनाई जावेगी। क्योंकि इस वर्ष हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष संजोग बना हुआ है पूर्णिमा होने के साथ साथ हनुमान जयंती व गुरूवार का दिन होने से बड़ा ही शुभकारी बताया जात रहा है और निश्चित ही आज हनुमानजी की आराधना के साथ मनाने की तैयारी देखी जा रही है। क्योंकि संपूर्ण नगर जिस तरह भगवामय हो रहा है उसको देखकर लोग हनुमानजी की भक्ति में लीन होने के लिये उतावले होते हुये देखे जा रहे है।

---

## चीचली में गोटिया के प्रभारी बनते हुये कानून व्यवस्था में दिखाई देने लगी कसावट


### पुलिस द्वारा चंद घंटों के अंदर चोरी सहित लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ा




हरिभूमि न्यूज/चीचली। कहा जाता है कि क्षेत्र के पेहरेदारी करने वाला यदि निष्ठावान होने के साथ साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी से करता है तो कानून व्यवस्था में कसावट देखने मिलती है। यदि किसी क्षेत्र के जिम्मेदारी अनुभव हिनों के हाथों में सौप दी जाती है तो कानून व्यवस्था पटरी से उतरना आम बात हो जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये कुछ महिनो से चीचली थाना क्षेत्र में देखने मिल रही थी। कहने के लिये तो यहां पर अंतिरिक्त तारे के उदय हुआ था। मगर वह तारा अशुभ साबित होते हुये जान पड़ रहा था। अतिरिक्त तारे के अस्त होते ही क्षेत्र में कानून व्यवस्था फिर चुस्त नजर आने से नही चूक रही है। इस बात की सच्चाई बीते हुये दिनों थाना प्रभारी गोटिया की टीम द्वारा जिस तरह क्षेत्र में ट्रेक्टर ट्राली सहित लूटन की घटना को अंजाम देने वालों को चंद घंटों के अंदर पकड़ने में सफलता की गई है वह निश्चित ही सराहनीय दिखाई देने से नही चूक पा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते हुये दिवस ग्राम थलवाडा निवासी सौरभ कौरव नामक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि उसके खेत में गेंहू की फसल से भरी हुई ट्राली को किसी चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये नव नियुक्त थाना प्रभारी अमित गोटिया द्वारा इस सच्चाई से अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा आरोपियों को शीघ्र गिरप्तार करने के आदेश जारी किये जाने के चलते। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया व उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागूर के मार्ग दर्शन में एक टीम का गठन किया गया। इस तरह बनाई गई टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी उनि. अमित गोंटिया, प्रधान आरक्षक प्रमोद डेहरिया, अमित, आरक्षक नेतराम विश्वकर्मा, राकेश झा, आनंद कोरी, नेतराम, सोनम गुप्ता, सुनील त्यागी, नमन शर्मा एवं महिला आरक्षक साधना साहू एवं वंदेश्वरी साहू को शामिल किया गया था। टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने पर जानकारी मिली की घटना स्थल के आसपास रंजीत पिता सरमन (उम्र 33 वर्ष), निवासी महंगवा छोटा (कन्हरगांव) को देखा गया था। इसी के चलते संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश कर उसे अभिरक्षा में लेते हुये गहन पूछताछ की गई तो आरोपी रंजीत द्वारा उक्त चोरी की घटना को स्वीकार किया गया। इस तरह मात्र 6 घंटे के अंदर गोटिया की टीम द्वारा आरोपी को पकड़ते हुये उसके बताये अनुसार स्थल पर पहुंचकर गेंहू से भरी हुई ट्राली व घटना को अंजाम देने के लिये उपयोग किये गये ट्रेक्टर को जप्त करने में सफलता हासिल की गई। इस तरह आरोपी द्वारा पार की गई गेंहू से भरी हुई ट्राली तथा जप्त किये गये ट्रेक्टर की कीमत अनुमानित तौर पर 8 लाख रूपया आकी जा रही है। इस प्रकार से घटित हुई लूट की घटना को लेकर बताया जाता है कि राजस्थान निवासी प्रार्थी बिल्लू शेख द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि रात्रि के समय गांगई नदी के पुल के पास तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई तथा उसके पास रखे नकद रुपये एवं मोटर साइकिल छीनकर फरार हो गए। इस तरह क्षेत्र के घटित हुई लूट की घटना से जहां क्षेत्र में दहशत का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा था। वही दूसरी मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आरोपियों की खोजबीन के लिये एक टीम बनाई गई जिसमें थाना प्रभारी, चीचली, उनि. अमित गोंटिया, प्रधान आरक्षक प्रमोद डेहरिया, अमित, आरक्षक राकेश झा, आनंद कोरी, सोनम गुप्ता, सुनील त्यागी, नमन शर्मा एवं महिला आरक्षक साधना साहू एवं वंदेश्वरी साहू को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र के माध्यम से मिली जानकारी के अुनसार संदेह के चलते ग्राम गांगई निवासी जमील शेख पिता शेख अमीर व रियाज बेग पिता मुन्ना बेग सहित रहीश पिता जुम्मन खान निवासी पडाव मुहल्ला हर्रई जिला छिंदवाडा को हिरासत में लेते हुये पूछताछ की गई उन्होनें लूट की घटना को अंजाम देने की बात को स्वीकार की गई। गोटिया की टीम द्वारा आरोपियों के पास से लूटी गई मोटर साईकिल सहित नगदी 1100 रूपया तथा घटना के समय उपयोग की गई एक अन्य मोटर साईकिल को जप्त करते हुये आरोपियों को गिरप्तार किया गया। इस तरह आरोपियों के पास लूटी गई मोटर साईकिल की कीमत लगभग 60 हजार तथा एक अन्य मोटर साईकिल कुल मिलाकर 1 लाख 21 हजार, 100 रूपया जप्त करने में सफलता हासिल की गई। इस तरह चीचली पुलिस के हाथ एक ही तीन के अंदर चंद घंटों के अंदर बडी सफलताये हासिल की गई है।

## शराब दुकान को लेकर धूनी नगरी में रिहायशी और धार्मिक क्षेत्र में दुकान खोलने से फैल रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। नगर के महाराणा प्रताप वार्ड (वार्ड नंबर 01) में नई शराब दुकान प्रस्तावित किए जाने के खिलाफ स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश फैलते हुये दिखाई देने लगा है। नगरवासियों द्वारा इस निर्णय को जनभावनाओं और धार्मिक मर्यादाओं के विरुद्ध बताते हुए कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। नगरवायिों का स्पष्ट कहना है कि यदि दुकान का स्थान नहीं बदला गया, तो इससे न केवल क्षेत्र की शांति भंग होगी। बल्कि धार्मिक और शैक्षणिक माहौल पर भी बुरा असर पड़ेगा।धार्मिक आस्था के केंद्रों से घिरी हुई है प्रस्तावित जगह। नगर के लोगों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में शराब दुकान का विरोध करने के लिए मुख्य रूप से मुख्य कारण से अवगत कराया गया है। सौपे गये ज्ञापन के अनुसार, जिस स्थान पर शराब दुकान खोलने का निर्णय लिया गया है,



उसके चारों ओर अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं। हनुमान मंदिरः प्रस्तावित स्थान के ठीक पीछे 100 साल पुराना प्राचीन हनुमान मंदिर स्थित है। बाईं ओर विश्व विख्यात दादाजी धूनीवाले का मंदिर है। जहाँ वर्षभर लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। दुकान के सामने ही मुस्लिम समाज की आस्था का केंद्र श्री दादाजी बरिया वालों का पवित्र स्थान है। वही दूसरी ओर सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर व शक्ति माता मंदिरः पास ही में सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर और शक्ति माता मंदिर स्थित हैं। जहाँ प्रतिवर्ष माता की प्रतिमा स्थापित की जाती है और सैकड़ों श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हैं। वही दूसरी शिक्षण संस्था होने के चलते छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर संकट होने से इंकार नही किया जा सकता है। इस तरह धार्मिक कारणों के अलावा, सबसे बड़ा मुद्दा सेंट्रल पब्लिक एकेडमी स्कूल का है, जो दुकान से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। इस स्कूल में 1120 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। ज्ञापन में उल्लेख है कि लगभग 200 छात्र-छात्राएं प्रतिदिन पैदल इसी रास्ते से गुजरते हैं। शराब दुकान होने से विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में डर का माहौल है और उनका मानना है कि इससे बच्चों के मानस पटल पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। नगरवासियों ने कलेक्टर के नाम सौपे गये ज्ञापन मे मांग की है कि सत्र 2026-27 के लिए तय किए गए इस स्थान को तत्काल बदला जाए। नागरिकों का कहना है कि वे शराब दुकान के विरोध में नहीं हैं, बल्कि उसके स्थान चयन के विरोध में हैं। चाहते हैं कि दुकान को किसी ऐसे स्थान पर स्थानांतरित किया जाए जहाँ सामाजिक प्रतिरोध न हो और किसी की आस्था या सुरक्षा को खतरा न पहुंचे। महाराणा प्रताप वार्ड में दुकान खुलने से नागरिकों में असंतोष और नाराजगी है। हम प्रशासन से निवेदन करते हैं कि वे इन छह बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करें और शीघ्र अति शीघ्र दुकान का स्थान परिवर्तित करें।

## प्रवेश उत्सव में बच्चों को मिलीं निःशुल्क पुस्तकें, नए सत्र का हुआ उत्साहपूर्ण आगाज़

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर विकास खंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में विकासखंड स्तरीय प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। पुस्तकें प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव, मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, केएल साहू, चंद्रकांत गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने मार्गदर्शी उद्बोधन में कहा कि शासन द्वारा संचालित प्रवेश उत्सव की पहल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने में सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई में सहयोग करें। विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर ने विद्यालय की गतिविधियों से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डीके पटेल ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं लक्ष्य निर्धारण के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ किया। अंत में आभार प्रदर्शन विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक विनीत नामदेव एवं सत्यम ताम्रकार द्वारा किया गया।

## बाइक चालक को मारी टक्कर

चीचली। बनखेडी निवासी संतोष पिता मोहन लाल अहिरवारा उम्र 35 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी मोटर साईकिल से कही जा रहा था उसी दौरान एनटीपीसी मोड के पास वाहन चालक द्वारा अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी को चोटे आने पर पुलिस द्वारा आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।


**पति पत्नी को पीटा**

सांईखेड़ा। ग्राम झिरिया निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै अपने घर मे खाना बना रही थी कि उसी समय घर के सामने गोविंद कुशवाहा एवं उसकी मां प्रेमबाई आये और मेरे पति पति बलवान लोधी से बोलने लगे कि मेरे घर के सामने गंदा कचरा क्यो डाला है। इसी बात पर से दोनो मेरे पति को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करना शुरू कर दिया।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob. : 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद में नई नियुक्ति, जय श्री राम साहू को मिली जिम्मेदारी



**शहपुरा।** शहपुरा में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल महाकोशल प्रांत द्वारा नई नियुक्ति की गई है जारी नियुक्ति पत्र क्रमांक 85 दिनांक 29 मार्च 2026 के अनुसार जिले के सक्रिय कार्यकर्ता जय श्री राम साहू को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है नियुक्ति के तहत जय श्री राम साहू को राष्ट्रीय बजरंग दल में जिला डिंडोरी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया और प्रांत अध्यक्ष की सहमति से की गई है।

नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि हिंदू ही आगे के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नव नियुक्त पदाधिकारी पूरी निष्ठा ईमानदारी और सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे साथ ही संगठन को जिले में और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई गई है संगठन से जुड़े पदाधिकारियों का मानना है कि इस नियुक्ति से जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और युवाओं की भागीदारी भी बढ़ेगी सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन के विस्तार की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।नव नियुक्त जय श्री राम साहू ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे और समाजहित में कार्य करते हुए संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

### शिवसैनिकों ने क्रूरता पूर्वक मवेशियों से भरी पिकअप पकड़ी

**अनूपपुर।** कोयलांचल क्षेत्र मे पशु तस्करी का मामला फिर सामने आने लगा है अभी एक दिन पूर्व पुलिस ने सात नग मवेशियों से भरे पिकअप वाहन को पकडा था लेकिन तस्कर नही मिले थे ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया जब जिले के कोयलांचल क्षेत्र के थाना भालूमाड़ा अंतर्गत बुधवार की रात्रि ग्रामीणों के द्वारा शिवसेना शहडोल संभाग अध्यक्ष पवन पटेल को सूचना दी गई कि प्रतिदिन गौ तस्करों के द्वारा लपटा से मवेशियों को पिकअप में लोड कर फुनगा की ओर ले जाया है तभी पवन पटेल एवं उनकी टीम के द्वारा बुधवार की रात 11 बजे के लगभग चांदपुर महोदा वाले रस्ते में मवेशियों से भरी पिकअप को घेरा बंदी कर पिकअप ड्राइवर द्वारा पिकअप को शिवसैनिकों ने तितरी पोड़ी गांव में एक पिकअप वाहन पकड़ा जिसमें 4 मवेशियों को क्रूरतापूर्वक बांधा गया था। पुलिस को भी सूचना दी गई पुलिस ने पिकअप वाहन को बहुत तेज गति में तितरी पौड़ी जमुना मार्ग में पुलिया के पास पिकअप को खेत में घुस कर मवेशी एवं पिकअप को छोड़कर पिकअप ड्राइवर भाग जाता है तभी पवन पटेल के द्वारा भालूमाड़ा थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी जाती है और मवेशियों से भरे पिकअप को भालूमाड़ा पुलिस को सौंप कार्यवाही की मांग की गई। कार्यवाही में बरकत कुरैशी, हिमांशु पासी, विनय कुमार कोल, किशन चौधरी, समीर कोल, राहुल कोल, कुलदीप जयसवाल, विवेक गुप्ता, भूपेंद्र रावत, महेंद्र यादव एवं सैकड़ों शिवसेनिक मुख्य रूप से उमस्थित रहे।

### पीएम श्री हाई स्कूल भालूमाड़ा में प्रवेशोत्सव का हुआ आयोजन

**भालूमाड़ा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के लिए नवीन शिक्षण सत्र एक अप्रैल को सभी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव का आयोजन किए जाने के दिशा निर्देश पर पीएम श्री हाई स्कूल भालूमाडा में भी प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रामअवध सिंह नगर पालिका अध्यक्ष पसान कार्यक्रम की अध्यक्षता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी अतिथि, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आर्मो, उप यंत्री उमेश त्रिपाठी, पार्षद इंद्रलाल केवट, पार्षद दीपक यादव, अजय यादव, समाजसेवी सुरेश शर्मा उपस्थित रहे। प्रवेश उत्सव के संबंध में शिक्षक सतीश सिंह ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में लगभग 300 छात्रों के नामांकन का लक्ष्य रखा गया है।

# डिंडोरी में वन विभाग की सख्त कार्रवाई करेंट वायर से शिकार की साजिश नाकाम

## जंगली सूअर का कटा सिर बरामद आरोपी भेजा गया जेल

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**



डिंडोरी में वन अपराधों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए वन विभाग ने शिकार के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया जहां से उसे 15 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।वन मंडल अधिकारी अशोक कुमार सोलंकी और उप वन मंडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह जाटव के निर्देशन में वन अपराधों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में विभाग ने शिकार के उद्देश्य से लगाए गए करेंट प्रवाहित जीआई वायर को जब्त किया और आरोपी दरबार सिंह मरकाम उर्फ चंद्र सिंह मरकाम उम्र 56 वर्ष निवासी कूई माल थाना शाहपुर के खिलाफ कार्रवाई की

आरोपी के घर की तलाशी के दौरान वन अमले को जंगली सूअर का कटा हुआ सिर मिला जिसे विधिवत जब्त किया गया इसके अलावा मौके से जीआई वायर बांस और शिकार में उपयोग की गई अन्य सामग्री भी बरामद की गईवन विभाग ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे 15 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए गएकार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी अतुल सिंह बघेल परिक्षेत्र सहायक ईश्वर सिंह परस्ते वनरक्षक सुनील कोरी संजय मार्को मानसिंह मरावी उदय सिंह धुरवे अनीता धुरवे गीता पैंद्रो और आलोक यादव का विशेष योगदान रहावन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीवों के शिकार या शिकार के प्रयास से जुड़ी किसी भी अवैध गतिविधि पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वन्यजीव संरक्षण में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

## डिंडौरी में यात्री वाहनों की सघन जांच नियम उल्लंघन पर दो बसें जब्त



**डिंडौरी ।** एसडीएम डिंडौरी के निर्देशन में परिवहन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से यात्री वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई।जांच के दौरान बिना परमिट और बकाया टैक्स के साथ संचालित बस वाहन क्रमांक सीजी 14 पी 0129 के मालिक धनंजय तिवारी पर 1 लाख 72 हजार 268 रुपए टैक्स बकाया पाया गया। वहीं वाहन क्रमांक एमपी 52 पी 0112 के मालिक आकाश केशवानी पर 34 हजार 472 रुपए टैक्स बकाया मिला।

नियमों का उल्लंघन और बिना वैध परमिट के संचालन के चलते दोनों बसों को जब्त कर कोतवाली थाना परिसर में खड़ा कराया गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्री सुरक्षा और नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। वाहन संचालकों से सभी दस्तावेज पूर्ण रखने और नियमों के अनुसार ही वाहन संचालन करने की अपील की गई है।निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुश्री भारती मेरावी तहसीलदार रामप्रसाद मार्को नायब तहसीलदार शशांक शेण्डे आरटीओ अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## शहपुरा के सांदीपनि विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव संपन्न छात्राओं को साइकिल और पुस्तकों का वितरण



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा में स्थित सांदीपनि विद्यालय में बुधवार 1 अप्रैल 2026 को शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया कार्यक्रम में डिंडोरी कलेक्टर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे जनपद अध्यक्ष नगर परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष विद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी जनप्रतिनिधि अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

इस दौरान शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम में छात्राओं को साइकिल वितरित की गई जिससे उन्हें विद्यालय आने जाने में सुविधा मिल सके साथ ही विद्यार्थियों को नि शुल्क पाठ्य पुस्तकों का भी वितरण किया गया उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शासन की शिक्षा योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार प्रयास कर रही है उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और शिक्षा के महत्व को समझने की अपील की शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम से विद्यार्थियों में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ।

## देवगांव में नल जल योजना का सच टूटी पाइपलाइन से परेशान ग्रामीण

**शहपुरा।** देवगांव में नल जल योजना पूरी तरह असफल नजर आ रही है गांव में जगह जगह पाइपलाइन टूटने और फूटने से पानी की सप्लाई बाधित हो गई है गर्मी की शुरुआत में ही ग्रामीणों को सप्ताह में केवल दो दिन ही पानी मिल पा रहा है बाकी दिनों में लोग पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं और पानी के मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं हुआ है जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत द्वारा पाइपलाइन का विस्तार जरूर किया गया लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया नतीजा यह है कि पाइप बार बार फूट रहे हैं और पानी बहकर बर्बाद हो रहा है।सबसे गंभीर आरोप यह है कि नल जल योजना की मरम्मत के नाम पर



लाखों रुपए का भुगतान किया जा रहा है लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं दिख रहा ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी और एजेंसी केवल कागजों में मरम्मत दिखाकर राशि निकाल रहे हैं जबकि समस्या जस की तस बनी हुई है ग्रामीणों ने कई बार पंचायत और संबंधित एजेंसियों को शिकायत की लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक देवगांव के ग्रामीण पानी के लिए तरसते रहेंगे और कब जिम्मेदार अधिकारियों की नींद खुलेगी।

गांव में नल जल योजना की पाइपलाइन कई स्थानों पर टूटी और फूटी पड़ी है जिससे पानी सप्लाई प्रभावित हो रही है गर्मी की शुरुआत में ही हालात बिगड़ गए हैं और ग्रामीणों को सप्ताह में केवल दो दिन ही पानी मिल पा रहा है टूटी पाइपलाइन से लगातार पानी बहकर बर्बाद हो रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन का विस्तार तो किया गया लेकिन गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया जिससे बार बार पाइप फूट रहे हैं।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए निकाले जा रहे हैं लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं दिख रहा शिकायत के बावजूद पंचायत और संबंधित एजेंसियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई पूरे मामले में पंचायत और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से आग्रह कर रहे हैं कि तुरंत टूटी पाइपलाइन की मरम्मत कर पानी की नियमित सप्लाई सुनिश्चित की जाए ताकि गर्मी के इस मौसम में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

# 100 दिवसीय अभियान के तहत शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र में टीबी स्क्रीनिंग

**जागरूकता कार्यक्रम में मरीजों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी**

**डिंडौरी।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान के तहत शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र विकासखंड डिंडौरी में टीबी स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडे के मार्गदर्शन तथा जिला क्षय अधिकारी डॉ मनोज उरैती के निर्देशन में संपन्न हुआ।दिव्य ज्योति सोशल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा संचालित केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान भर्ती मरीजों की एक्स रे के माध्यम से सक्रिय टीबी स्क्रीनिंग की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क जांच और उपचार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया।



कार्यक्रम में मरीजों और स्टाफ को टीबी के लक्षण संक्रमण के तरीके बचाव के उपाय समय पर जांच का महत्व नियमित दवा सेवन और पूर्ण उपचार की आवश्यकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि टीबी पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है यदि समय पर जांच कर नियमित दवा ली जाए।

इस दौरान लगातार खांसी बुखार वजन में कमी और रात में पसीना आने जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की सलाह दी गई। साथ ही टीबी को लेकर डर या भेदभाव न रखने और जागरूकता तथा समय पर उपचार अपनाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र के स्टाफ देवराज कछवाहा बच्चूनाथ चौहान रितु सेन सुधा तिवारी संदीप अजय ठाकुर नर्स नंदिनी और श्वेता उपस्थित रहे।स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में उच्च जोखिम समूहों के बीच टीबी की सक्रिय स्क्रीनिंग एक्स रे जांच और जनजागरूकता गतिविधियां लगातार चलाई जा रही हैं ताकि टीबी मुक्त डिंडौरी का लक्ष्य जल्द हासिल किया जा सके।

## जिले में उत्साह के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**बजाग के सरवाही में एसडीएम और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ आयोजन**

**डिंडौरी।** शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नए शैक्षणिक सत्र में बच्चों का स्वागत करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न स्थानों पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आकांक्षी विकासखंड बजाग के पीएम श्री एकीकृत शासकीय हाई स्कूल सरवाही में कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।शासन के स्कूल चलें हम अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर फूल माला पहनाकर और मिठाई वितरित कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग श्री रामबाबू देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में नीति आयोग के प्रतिनिधि डॉ विकास जैन भी उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि आकांक्षी विकासखंड होने के कारण बजाग में शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर को बेहतर बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती दुलारी मोंगरे ने की। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए नए सत्र की रूपरेखा प्रस्तुत की और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सुकृत सिंह और सुकृत दास लोरिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार के लिए सामुदायिक सहयोग पर जोर दिया। जनशिक्षक संजय सिंह ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने छोटे बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों की जानकारी दी।अंत में एसडीएम रामबाबू देवांगन ने कहा कि शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है और प्रशासन द्वारा विद्यालय को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर कक्षा आठवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र तथा पुस्तकें वितरित की गईं।

## विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

### वर्षभर की मेहनत लाई रंग

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** नगर के राजूशा हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में 01 अप्रैल 2026 को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुर्गा प्रसाद नगपुरे टीआई डिंडौरी तथा संस्था प्राचार्य डॉ राज बहादुर सिंह द्वारा माता सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ किया गया।परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में खास उत्साह देखा गया। विद्यालय में स्टूडेंट ऑफ द ईयर बेस्ट प्रोजेक्ट और हाईएस्ट अटेंडेंस अवार्ड को लेकर भी विशेष उत्सुकता रही जो सराहनीय रही।



परिणाम दिवस विद्यालय परिवार के लिए किसी उत्सव से कम नहीं रहा। यह दिन विद्यार्थियों के साथ साथ शिक्षकों की वर्षभर की मेहनत का परिणाम भी है।विद्यालय के सभी टॉपर्स को शील्ड और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में नर्सरी से लोकेंद्र उइके 93ण64 प्रतिशत एलकेजी से सात्विक सिंह 98ण67 प्रतिशत यूकेजी से नित्या उपाध्याय 98ण3 प्रतिशत कक्षा पहली से परीधी झरिया 99ण35 प्रतिशत कक्षा दूसरी से ज्येष्ठ मसाराम 91ण60 प्रतिशत कक्षा तीसरी से तनुजा मरियम 93ण37 प्रतिशत कक्षा चौथी से दीपक सिंह उइके 91ण64 प्रतिशत कक्षा पांचवीं से हर्षित कुमार मरावी 94 प्रतिशत कक्षा छठवीं से दीपिका टेकाम 90ण5 प्रतिशत कक्षा सातवीं से पूर्वी तिवारी 95ण13 प्रतिशत कक्षा आठवीं से समृद्धि सिंह 93ण33 प्रतिशत कक्षा नौवीं से विनायक वर्मा 92ण38 प्रतिशत तथा कक्षा ग्यारहवीं से प्रिया विश्वकर्मा 72ण57 प्रतिशत शामिल रहे।बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर कक्षा दूसरी के ज्येष्ठ मसाराम को घोषित किया गया। इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ हाउस शक्ति हाउस को ट्रॉफी देकर विजेता बनाया गया।विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## शहपुरा में बिगड़ी यातायात व्यवस्था विधायक को संभालनी पड़ी कमान

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा में नगर की बदहाल यातायात व्यवस्था ने बुधवार को गंभीर रूप ले लिया जब क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे को खुद सड़क पर उतरकर व्यवस्था संभालनी पड़ी नगर परिषद और तहसील प्रशासन की लापरवाही के कारण पिछले दो महीनों से डिवाइडर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था नगर के प्रमुख मार्ग निवास चौराहा और बटौंधा डिंडोरी चौराहा पर लगाए गए बेरिकेड्स के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था और दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती थी जिससे लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था।बुधवार सुबह हालात को देखते हुए विधायक ओमप्रकाश धुर्वे मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया उन्होंने मौके पर खड़े होकर बेरिकेड्स हटवाए जिसके बाद यातायात फिर से सुचारू हो सका इस दौरान उन्होंने नगर परिषद और तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य लंबे समय से बंद पड़ा है और इसके बावजूद मार्ग को अवरुद्ध रखना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है लोगों ने जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने और यातायात व्यवस्था को स्थायी रूप से सुधारने की मांग की है यह घटना प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल खड़े करती है जहां जनप्रतिनिधि को खुद सड़क पर उतरकर व्यवस्था संभालनी पड़ी।

## शहपुरा में एसडीएम की बड़ी कार्रवाई बिना वर्क ऑर्डर चल रही शराब दुकान बंद




**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा में प्रशासन ने अवैध गतिविधियों पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है बुधवार को एसडीएम शहपुरा ने उमरिया रोड स्थित शराब दुकान का औचक निरीक्षण किया जहां गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शराब दुकान बिना वैध वर्क ऑर्डर के संचालित हो रही थी जो नियमों का उल्लंघन है इस पर एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से दुकान बंद कराने के निर्देश दिए मौके पर पंचनामा तैयार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू की गई।

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई और अन्य शराब दुकानदारों में भी खौफ देखा गया स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से इस तरह की शिकायतें मिल रही थीं।एसडीएम ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी उन्होंने संबंधित विभाग को सभी शराब दुकानों की जांच कर वैध दस्तावेजों की पुष्टि करने के निर्देश भी दिए।

